2018 VI 19 0230 Seat No. :

Time : 1½ Hours

HINDI COMPOSITE (S.L.)

Subject Code

S	1	6	5

Total No. of Questions : 5 (Printed Pages : 4) Maximum Marks : 40

सूचना : *i)* ***प्रत्येक*** *प्रश्न के उत्तर नए पृष्ठ से शुरू कीजिए ।*
ii) प्रश्न क्रमांक और उप-प्रश्न क्रमांक स्पष्ट लिखिए ।
iii) ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*
iv) ***दायीं*** *ओर दर्शाए गए अंक प्रश्न के* ***गुण*** *दर्शाते हैं ।*

1\. अ) निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

रूग्णावस्था में हरिदास को बार-बार भ्रम होता था - कहीं यह मेरी तृष्णा का दंड तो नहीं है । जी में आता था, मगनसिंह को बीजक दे दूँ और क्षमा की याचना करूँ, पर भंडाफोड होने का भय मुँह बंद कर देता था । हरिदास की मृत्यु के पीछे यह बीजक उनके सुपुत्र प्रभुदास के हाथ लगा ।

प्रश्न :

च) यह गद्यखंड किस पाठ से लिया गया है ? **[1]**

छ) रूग्णावस्था में हरिदास को बार-बार क्या भ्रम होता था ? **[1]**

आ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **10/12** शब्दों में लिखिए : **[2]**

च) डॉ. माशेलकर जी के छात्र जीवन में किन बातों का स्रोत मिलता है ?

छ) डॉ. माशेलकर जी कहाँ बैठकर पढ़ते थे ?

इ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **प्रत्येकी 30/40** शब्दों में लिखिए : **[6]**

च) गोवा के कौन-कौन से स्थल पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं ?

छ) अरूणिमा सिन्हा का एव्हरेस्ट विजय का सपना कैसे पूरा हुआ ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **प्रत्येकी 10/12** शब्दों में लिखिए (किन्हीं **तीन**) : **[6]**

च) कबीर बानी के अनुसार अच्छे फल की प्राप्ति के लिए मनुष्य को कैसा कार्य करना चाहिए ?

छ) कवि रवींद्रनाथ ठाकुर के अनुसार अंधकार दूर होने पर क्या होगा ?

ज) कवि प्रदीप ने जवानों की जवानी को धन्य क्यों कहा है ?

झ) रनिया की क्या चाह है ?

3. अ) निम्नलिखित अव्ययों में से किसी **एक** अव्यय का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए : **[1]**

च) लेकिन

छ) धीरे–धीरे ।

आ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए : **[1]**

च) लड़ाई

छ) पर्वत ।

इ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का विलोम शब्द लिखिए : **[1]**

च) अँधेरा

छ) ठंडा ।

ई) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी **एक** मुहावरे का अर्थ लिखकर उसका सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए : **[2]**

च) नाम पर धब्बा लगना

छ) बीड़ा उठाना ।

उ) निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द–युग्म का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए : **[1]**

च) बार–बार

छ) पढ़ा–लिखा ।

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का सन्धि–विच्छेद कीजिए : **[1]**

च) समानांतर

छ) कार्यालय ।

ए) निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिह्नों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । पूर्ण वाक्य फिर से लिखिए : **[1]**

च) मगनसिंह तीन दिनों ________________ गैर हाजिर था ।
(में, से, को)

छ) डॉ. माशेलकर मूलत: गोवा के माशेल गाँव ___________ निवासी थे ।
(के, में, पर)

4. अ) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए और उसे उचित शीर्षक तथा सीख भी लिखिए : **[4]**

एक लड़का __________ पेड़ पर चढ़ने में तेज ______________ आम के पेड़ पर चढ़ना ____________ कुछ कच्चे आम तोड़कर जेब में रखना ___________ टहनी पर एक बड़ा कच्चा आम __________ जेब भरे हुए थे तो भी इच्छा __________ टहनी के सिरे तक पहुँचना ___________ ज्यादा भार ___________ टहनी टूटना ___________ नीचे गिर जाना ___________ पैर में चोट _____________ सीख ।

अथवा

पंकज/पंकजा शिंदे, तिळामळ–केपें से मुंबई में रहने वाले अपने पिताजी को पत्र लिखकर अपनी पाठशाला में आयोजित 'स्वच्छता अभियान' की जानकारी देता/देती है । **[4]**

आ) निम्नलिखित किसी **एक** विषय पर **100-125** शब्दों का एक अनुच्छेद लेखन कीजिए : **[4]**

च) मोबाइल के लाभ और हानी

छ) मैं दूरदर्शन बोल रहा हूँ

ज) अस्पताल में एक घंटा ।

5. अ) निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जिन विद्यार्थियों की गुरु के प्रति अनन्य साधारण श्रद्धा होती है, ऐसे विद्यार्थी कुछ उज्ज्वल परंपराएँ तथा सिद्धांत बनाते हैं । उन्हीं को आदर्श कहा जाता है । जो विद्यार्थी आज्ञाकारी तथा अपनी पढ़ाई में एकाग्र होता है वह विद्यार्जन में औरों का आदर्श बनता है । उसमें अपने सहपाठियों के लिए भ्रातृभाव होता है और वह सहकार के लिए सदा तत्पर होता है । अपने व्यवहार से सदा नम्र और परोपकारी, वह मधुर भाषी, त्यागी, उदार, दयालु तथा संघठक होता है ।

देश की उज्ज्वलता, संपन्नता तथा वैभव आदर्श विद्यार्थियों पर निर्भर रहता है । भावी जीवन का प्रभात विद्यार्थी जीवन है । भारत के प्रत्येक निवासी का कर्त्तव्य है कि वह आदर्श विद्यार्थी निर्माण करने के लिए पढ़ाई का प्रबंध करें ।

प्रश्न :

च) गुरु के प्रति अनन्य साधारण श्रद्धा होने वाले विद्यार्थी क्या बनाते हैं ? **[1]**

छ) कौन-सा विद्यार्थी विद्यार्जन में औरों का आदर्श बनता है ? **[1]**

ज) आदर्श विद्यार्थियों पर देश की कौन-सी बातें निर्भर रहती हैं ? **[1]**

झ) विद्यार्थी जीवन क्या है ? **[1]**

ञ) भारत के प्रत्येक निवासी का क्या कर्त्तव्य है ? **[1]**

आ) निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आलसी ही अपने आपको सदा नि:सहाय अनुभव करता है । उसके मन में सदैव निराशा का भाव छाया रहता है । जरा-सी मुसीबत में उसके हाथ-पाँव फूल जाते हैं और वह ईश्वर की पुकार मचाता है । आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है । आलस्य के रहते हुए हम कोई भी काम ठीक रीति से एवं समय पर नहीं कर सकते । आलसी व्यक्ति का मन संशय से भरा रहता है ।

प्रश्न :

च) आलसी अपने आपको सदा कैसा अनुभव करता है ? **[1]**

छ) मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु कौन है ? **[1]**

ज) आलसी का मन कैसे होता है ? **[1]**